भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4680
दिनांक 20 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

आईएमपीसी की उत्पादन इकाई

†4680. श्री वी. के. श्रीकंदनः

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) की केवल एक ही उत्पादन इकाई है, जो उत्तराखंड में स्थित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय दवाओं की बढ़ती मांग के कारण आईएमपीसी की उत्पादन सुविधाओं का विस्तार करने की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आईएमपीसीएल केरल में एक उत्पादन इकाई स्थापित करने पर विचार कर रहा है जहाँ जड़ी-बूटी युक्त दुर्लभ औषधीय पौधों सहित जड़ी-बूटी वाले औषधीय पौधे उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त निगम के उत्पाद केवल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (के.स.स्वा.यो) के माध्यम से ही उपलब्ध हैं और खुले बाजार में उपलब्ध नहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या उक्त निगम अपने उत्पादों को खुले बाजार में उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): आयुष मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) की उत्तराखंड में केवल एक उत्पादन इकाई है जो मोहन (वाया रामनगर), अल्मोड़ा, उत्तराखंड - 244715 में स्थित है।

(ख): आयुष मंत्रालय ने सूचित किया है कि ऐसा कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग): आयुष मंत्रालय ने सूचित किया है कि केरल में उत्पादन इकाई लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): आयुष मंत्रालय ने सूचित किया है कि आईएमपीसीएल के उत्पाद केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), केंद्र सरकार संस्थानों और परिषदों के माध्यम से उपलब्ध हैं। खुले बाजार में आईएमपीसीएल की चयनित उत्पाद श्रृंखला 1एमजी और मिस्टोर (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म) पर उपलब्ध है।

(ङ): आयुष मंत्रालय ने सूचित किया है कि इस समय आईएमपीसीएल की चयनित उत्पाद श्रृंखला 1एमजी और मिस्टोर (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म) पर उपलब्ध है। खुले बाजार में आगे विस्तार के लिए कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

******